Vishav Jal Diwas Par Nibandh Hindi Mein – विश्व जल दिवस पर निबंध हिन्दी

विश्व जल दिवस कब और क्यों मनाया जाता है? : When and why is World Water Day celebrated? –

विश्व जल दिवस (World Water Day) प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन हमारे जीवन में जल के महत्व और उसके संरक्षण को समर्पित है। विश्व जल दिवस (World Water Day) का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराने के साथ-साथ इसके संरक्षण के प्रति भी जागरूक करना है।

विश्व जल दिवस (World Water Day) की नींव साल **1992** में रखी गई थी। 1992 में ब्राजील में पर्यावरण तथा विकास सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया और यहां पर विश्व जल दिवस को मनाए जाने का मुद्दा उठा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया और 22 मार्च को विश्व जल दिवस (World Water Day) के रूप में मनाने की घोषणा की गई। **पहली बार 1993 विश्व जल दिवस** (World Water Day) मनाया गया।

जल दिवस का महत्व : Importance of Water Day –

यह निस्संदेह सत्य है कि सभी जीवित प्राणियों (all living beings) की उत्पत्ति जल में हुई है। अब वैज्ञानिक धरती के अतिरिक्त अन्य ग्रहों पर पहले पानी की खोज कर रहे हैं। जल के बिना जीवन संभव नहीं हैं। यही कारण है कि अधिकांश संस्कृतियाँ नदी के पानी के किनारे विकसित हुई हैं। इस प्रकार 'जल ही जीवन है' का अर्थ सार्थक है।

पानी की कमी पानी के अनावश्यक उपयोग का मुख्य कारण है। बढ़ती हुई आबादी और बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण, शहर में पानी की खपत बढ़ रही है। जरा आप सोचिये एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितना जल का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है?

विश्व जल दिवस 2025 थीम : World Water Day 2025 Theme –

- विश्व जल दिवस 2025 का थीम "**ग्लेशियर संरक्षण**" (Glacier Conservation) है , जो दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है क्योंकि वे ग्रह के जल चक्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **ग्लेशियर पृथ्वी के लगभग 70%** ताजे पानी को संग्रहित करते हैं, जो पीने के पानी, उद्योग, कृषि और ऊर्जा उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।
- **बढ़ते तापमान के कारण**, हिमालय, आर्कटिक और एंडीज़ जैसे क्षेत्रों में **ग्लेशियरों के पिघलने की गति में तेजी** हो रही है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र तथा मानव जीवन खतरे में पड़ रही हैं।

जल दिवस के मुख्य उद्देश्य : Main objectives of World Water Day –

- विश्व जल दिवस का मुख्य उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को सामने लाना ।
- **लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी के महत्व को समझाना ।**
- **जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना ।**
- **जल संकट के बारे में जागरूकता बढ़ाना । (Raising awareness about the water crisis.)**
- वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देना ।

AmolGyan.com

- जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रहे जल संकट से निपटने के लिए प्रयास करना ।
- जल संसाधनों के ज्ञान को बढ़ाना । (To enhance knowledge of water resources.)
- मनुष्य के दैनिक जीवन में पानी के अनावश्यक उपयोग को कम करना ।

जल संरक्षण के लिए कुछ प्रमुख नारे : Some important slogans for water conservation –

- **जल ही जीवन है। (Water is life.)**
- जल की रक्षा करें, जीवन की रक्षा करें। (Save water, save life.)
- **बेहतर कल के लिए आज जल बचाएँ। (Save water today for a better tomorrow.)**
- जल बचाओ, ग्रह बचाओ। (Save water, save the planet.)
- जल संरक्षण एक वैश्विक जिम्मेदारी है।
- **समझदार बनो, पानी बर्बाद मत करो।**
- शांत रहें तथा पानी को बचाएं। (Keep calm and save water.)
- **पानी बर्बाद (उपयोग) करने से पहले दस बार सोचें।**

– © Anmol Gyan India –

AnmolGyan.com